# क्षतिग्रस्त सड़कोंपर सफर जानलेवा, दूर तक बिखरी गिट्टियां

## निर्देशके बाद भी नहीं शुरू हुआ सड़कोंको दुरुस्त करनेका कार्य

बारिश से पूर्व बदहाल सड़कों की दशा बारिश के बाद और बिगड़ गयी है। हर दस कदम पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गये है। कई जगह सड़कें भी धंस गयी हैं। यातायात प्रभावित हो रहा है, लेकिन नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और पीडीए इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। लोगों का कहना है कि सफर जानलेवा बना हुआ है लेकिन विभागीय अधिकारी बेपरवाह बने हैं।

दधिकांदो मेला शुरू होने से पूर्व जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया था कि सड़कों दुरस्त कर लिया जाय। ताकि बारिश का पानी गड्ढों में न भरे और लोग आसानी से सफर कर सके पर अधिकारियों ने निर्देश का अनुपालन नहीं किया। दधिकांदो मेला किसी तरह बीत गया अब दशहरा, दुर्गापुजा एवं नवरात्र को लेकर फिर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि सड़कों को दुरस्त करें, इस निर्देश का पालन बखूबी नहीं किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर महापौर रामलीला स्थलों पर जाकर हकीकत भी देख रहे हैं। इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी है।

बता दें कि अगस्त माह से हो रही झमाझम बारिश के कारण हुए जलजमाव के बाद सड़कों की हालत दयनीय हो चुकी है। बारिश से पहले ही अधिकाश सड़कें क्षतिग्रस्त थी। जलजमाव के और स्थिति बिगड़ गयी है। नगर में करीब पांच हजार सड़कें और आंतरिक गलिया है। ज्यादातर सड़कों एवं गलियों में बड़े-बड़े गड्ढे बन गये है सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं और गिट्टिया दूर तक बिखरी हुई है। वाहन सवार फिसलकर घायल हो रहे हैं।

रामबाग, बैरहना, सोहबतियाबाग की सड़क की स्थिति ज्यादा दयनीय है। गड्ढों के कारण वाहन चालक अनियंत्रित हो रहे हैं। इसके अलावा अल्लापुर, दारागंज सहित कई इलाकों में सड़कें टूटी हुई है। कुछ सड़कों पर बाइक सवार उतर जाते हैं। लोगों की मांग है कि जब बारिश बंद हो चुकी है तो सड़कों की मरम्मत क्यों नहीं नगर निगम कर रहा है।



सोहबतियाबागमें क्षतिग्रस्त सड़क।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकील चैंबर और पार्किंग नियमोंपर सुनवाई टली

(विधि संवाददाता)

इलाहाबाद हाईकोर्ट में नव निर्मित इमारत में अधिवक्ताओं के चैंबर और पार्किंग से जुड़े नियमों को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई टल गई है।अगली सुनवाई २३अक्टूबर को होगी। न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति सत्य वीर सिंह की खंडपीठ ने विजय प्रताप सिंह की याचिका पर दिया है।इसमें हाईकोर्ट प्रशासन को रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से प्रतिवादी बनाया गया है। याची की ओर से अधिवक्ता आदर्श कुमार सिंह और अरुण मिश्र पेश हुए, जबकि हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से अधिवक्ता आशीष मिश्र ने पक्ष रखा।सुनवाई के दौरान याची के अधिवक्ता अरुण मिश्र ने अन्य दलीलों के साथ यह तर्क रखा कि संविधान का अनुच्छेद २२५ हाईकोर्ट को नई इमारत में अधिवक्ताओं के चैंबर और पार्किंग के संबंध में नियम बनानेका अधिकार नहीं देता। पक्षों की सहमति से सुनवाई की तिथि तय की गई है।

# पितृपक्ष : भगवान विष्णुकी पूजा, किया श्राद्ध

पितृपक्ष की एकादशी पर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने संगम तट पर भगवान विष्णु की पूजा और पितरों के मोक्ष के लिए व्रत एवं श्राद्ध कर्म किया। श्रद्धालुओं ने एकादशी का व्रत करने और उसका पुण्य अपने पितरों को अर्पित करने से उन्हें यमलोक की यातनाओं से मुक्ति की कामना की।

मान्यता है कि इस व्रत के प्रभाव से व्यक्ति के अपने सात जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं और अंत में विष्णु लोक में स्थान मिलता है। श्रद्धालुओं ने यह श्राद्ध उन परिजनों की आत्मा की शांति के लिए किया जिनकी मृत्यु किसी भी महीने की एकादशी तिथि (कृष्ण या शुक्ल पक्ष) को हुई हो।

जिन परिवारों को अपने किसी पूर्वज की मृत्यु की तिथि याद नहीं रहीं वह भी इस दिन पितरों का स्मरण कर तर्पण और पिंडदान किया। डा. पवन शुक्ला के अनुसार सात अक्तूबर को कोद्वादशी श्राद्ध तथा यतक संन्यासी



वैष्णव का श्राद्ध और मघा नक्षत्र कि श्राद्ध, आठ को त्रयोदशी श्राद्ध, नौ को चतुर्दशी श्राद्ध और दस को पितृ विसर्जन होगा।

## किसानोंको आलू भण्डारणपर मिलेगा २० हजारका अनुदान

प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष २०२६-२७ में आलू उत्पादक किसानों को राहत देने के लिए निजी शीतगृहों में भण्डारित आलू के भण्डारण शुल्क पर अनुदान योजना की शुरूआत की गई है। योजना के तहत किसानों को शीतगृह में भंडारित आलू पर प्रति क्विंटल १०० रूपये का अनुदान दिया जाएगा। एक किसान अधिकतम २०० क्विंटल आलू पर इस अनुदान का लाभ उठा सकता है, जिससे उन्हें सीधे तौर पर अधिकतम २० हजार रूपये तक की आर्थिक सहायता मिलेगी। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया है कि योजना के लाभ हेतु कृषक आनलाइन पोर्टल https://potato.uphorticulture.in पर आवेदन कर सकते है। अनुदान राशि सीधे बैंक खाते में प्राप्त करने के लिए किसानों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के समय भण्डारण, निकासी, भुगतान एवं गेट पास रसीद, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति और खतौनी (जमीन के कागजात) जैसे आवश्यक दस्तावेज आनलाइन अपलोड करने होंगे। उसके उपरान्त कृषक को मूल अभिलेख के साथ विकास भवन स्थित जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय जमा कर लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

## रोडवेजके आउटसोर्स परिचालकोंका संविदापर होगा समायोजन

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में सेवा प्रदाता (आउटसोर्सिंग एजेंसी) के माध्यम से कार्यरत परिचालकों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। परिवहन निगम ने आउटसोर्स परिचालकों को सीधे संविदा परिचालक के पद पर समायोजित (आबद्ध) करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इस संबंध में परिवहन निगम मुख्यालय द्वारा प्रदेश के सभी क्षेत्रीय एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस आदेश के पश्चात रोडवेज कर्मियों ने खुशी जतायी है। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में कार्यरत आउटसोर्स परिचालकों को संविदा पर समायोजित करने के लिए सहमति प्रार्थना-पत्र और शपथ-पत्र का प्रारूप तय कर दिया गया है। प्रधान प्रबन्धक (कार्मिक) अंकुर विकास ने क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देशित किया गया है कि वह अपने-अपने कार्यक्षेत्र में कार्यरत आउटसोर्स परिचालकों को निर्धारित प्रारूप से अवगत कराएं। इच्छुक परिचालकों से रु १० के स्टांप पेपर पर शपथ पत्र प्राप्त कर एसओपी के अनुसार समायोजन की अग्रिम कारर‌वाई सुनिश्चित की जाए। मालूम हो कि रोडवेज कर्मचारी लंबे समय से आउटसोर्सिंग व्यवस्थाको समाप्त कर सीधे निगम के अधीन संविदा पर जोड़ने की मांग कर रहे थे। इस कदम से सेवा प्रदाता एजेंसियों की मध्यस्थता खत्म होगी और परिचालकों का सीधा अनुबंध परिवहन निगम के साथ स्थापित होगा, जिससे उन्हें सेवा सुरक्षा और पारिश्रमिक के मामले में सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।

# निकाय कर्मचारियोंने की कैशलेस चिकित्सा योजनाकी मांग

केंद्रीयकृत एवं अकेंद्रीयकृत कर्मचारियों और पेंशनरों को 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना' का लाभ दिलाने की मांग की है। यह मांग स्थानीय निकायों नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद और नगर पंचायतों के कर्मचारियोंने की है। इस संबंध में सफाई मजदूर एकता मंच एक्टू ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन मंडलायुक्त को सौंपा है। इस ज्ञापन में मंच के अध्यक्ष बलराम पटेल ने लिखा है कि सरकार द्वारा राज्य कर्मचारियों, पेंशनरों और उनके आश्रितों को गुणवत्तापूर्ण, निःशुल्क बाह्य एवं आंतरिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कैशलेस चिकित्सा योजना लागू की गई है। हालांकि, प्रदेश के विभिन्न स्थानीय निकायों में सेवारत हजारों कर्मचारियों और सेवानिवृत्त पेंशनरों को वर्तमान में इस कल्याणकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में लिखा है कि स्थानीय निकाय कर्मी नगरों की स्वच्छता, जलापूर्ति, पथ-प्रकाश, निर्माण कार्य तथा महामारी नियंत्रण जैसी अनिवार्य जनसेवाओं में दिन-रात कार्य करते हैं। किसी गंभीर स्वास्थ्य संकट की स्थिति में चिकित्सा व्यय का भारी आर्थिक बोझ इन कर्मचारियों और उनके परिवारों को कठिनाइयों में डाल देता है। मांग की है कि नगर निगमों, नगर पालिकाओं, नगर परिषदों एवं नगर पंचायतों के केंद्रीयकृत और अकेंद्रीयकृत अधिकारियों, कर्मचारियों व पेंशनरों को योजना से आच्छादित करने के लिए नगर विकास विभाग एवं चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। कार्मिकों को भी स्टेट हेल्थ कार्ड जारी किए जाएं।, जिससे वे निजी एवं सरकारी अस्पतालोंमें कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकें।

## सितम्बरमें यात्रियोंसे वसूला ६.३५ करोड़से अधिक जुर्माना

अगस्त माह के दौरान मण्डल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-कोचिंग, हरिमोहन के निर्देशन में विशेष रूप से व्यापक टिकट जांच अभियान चलाया गया। प्रयागराज मण्डल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ वैध टिकट के साथ यात्रा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कारर‌वाई कर रहा है।

बीते एक सितम्बर से ३० सितम्बर तक चलाये गये सघन टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा, अनबुक्ड लगेज तथा धूम्रपान एवं गंदगी फैलाने के मामलों में कारर‌वाई की गयी। अभियान के दौरान कुल ६९,६४० यात्रियों को प्रभारित करते हुए ६,३५,५७,२३५ रुपया से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

अभियान के अंतर्गत बिना टिकट यात्रा करने वाले २६,९०० यात्रियों से ३,०४,८८,७४२ रुपया, अनियमित यात्रा करने वाले ३८,८७१ यात्रियों से ३,०१,६१,७९१ रुपया, अनबुक्ड लगेज के ३३ मामलों में २६,७४१ तथा धूम्रपान एवं गंदगी फैलाने वाले ३,३८६ यात्रियों से २८,७९,९६१ रुपया का जुर्माना वसूला गया।

# उमरे का माल लदानमें अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

उत्तर मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष २०२६-२७ के प्रथम छमाही (अप्रैल से सितम्बर) के दौरान माल लदान में अब तक का सर्वश्रेष्ठ और रिकार्ड तोड़ प्रदर्शन दर्ज किया है। इस अवधि के दौरान उत्तर मध्य रेलवे ने कुल १०.८४ मिलियन टन माल का सफलतापूर्वक लदान किया है, जो बीते वित्तीय वर्ष २०२५-२६ की समान अवधि में हासिल किये गये १०.०३ मिलियन टन की तुलना में ८.१ प्रतिशत अधिक है।

समग्र भारतीय रेलवे स्तर पर इसी अवधि के दौरान गत वर्ष के मुकाबले ४.१ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। इस प्रकार उत्तर मध्य रेलवे ने सम्पूर्ण भारतीय रेलवे की औसतन वृद्धि दर से लगभग दोगुनी विकास दर हासिल करते हुए माल परिवहन के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। व्यापार में विस्तार और नए राजस्व स्रोतों को आकर्षित करने की दिशा में उत्तर मध्य रेलवे ने इस दौरान नया माल यातायात भी सफलता पूर्वक कैप्चर किया है। इसके तहत महाराजा छत्रसाल स्टेशन छतरपुर से डोलोमाइट के २८ रेक लोड कर ०.११ मिलियन टन तथा बेवरा स्टेशन से लौह अयस्क के १२ रेक लोड कर ०.०५ मिलियन टन का नया लदान हासिल किया गया। इसके अतिरिक्त, पारम्परिक और प्रमुख माल लदान में भी उत्तर मध्य रेलवे ने उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। खाद्यान्न के लदान में रिकार्ड ५१.७ प्रतिशत, बलास्ट-गिट्टी में १९.६ प्रतिशत, कंटेनर लदान में ११.९ प्रतिशत, सीमेंट लोडिंग में ६.९ प्रतिशत तथा फ्लाई ऐश की लोडिंग में ५.२ प्रतिशत की शानदार बढ़त दर्ज की गयी है।

# अस्पतालोंमें डेंगू वार्ड फुल, चार गुना प्लेटलेट्सकी मांग

मौसम में बदलाव के साथ ही जनपद में डेंगू का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। डेंगू के संक्रमण एवं मच्छरों के डंक से यदि आप निश्चित हैं तो यह बड़ी भूल हो सकती है। अक्टूबर के पहले सप्ताह में जिस तरह से संक्रमित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रहे हैं, अस्पतालों में भी आरक्षित वार्ड के हालात बता रहे हैं कि एडीज मच्छर हावी हैं। सरकारी आकड़ों के अनुसार अब तक ८८ मरीजों में डेंगू हो चुका है। मंगलवार को ब्लड सेंटरों में प्लेटलेट्स की मांग करने वालों के पर्चे खूब जमा हुए। २० सितंबर से पहले ब्लड बैंको में जहां पहले दस-बीस युनिट प्लेटलेट्स की रोज मांग रहती थी वहीं इस समय लगभग ८० से ९० यूनिट प्लेटलेट्स की मांग है। एसआरएन की मेडिसिन इमरजेंसी में ११ मरीज अलग-अलग समय लाए गये। इससे पहले भी कई मरीज डेंगू आरक्षित वार्ड में भर्ती हैं, जिसकी रिपोर्ट बुधवार को आनी है।वर्तमान में एसआरएन अस्पताल के ३० बेड का आरक्षित वार्ड लगभग फुल है। वहीं बेली में आरक्षित वार्ड के साथ ही संदिग्ध मरीजों को तीन अलग-अलग वार्डमें मरीज भर्ती किया जा रहा है।

### काल्विनके डेंगू वार्डमें लटका मिला ताला

काल्विन अस्पताल के वार्ड में मंगलवार को ताला लटका मिला, प्रमुख अधीक्षक आरडी दूबे ने बताया कि वर्तमान में डेंगू के एक भी मरीज भर्ती नहीं है जिसके कारण ताला बंद किया गया है। डेंगू के मरीज की पुष्टि होने के बाद मरीज को आरक्षित वार्ड में भर्ती किया जाता है।सीएमओ डा. एके तिवारी के अनुसार विभाग की ओर से लगातार दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। बारिश के बाद नमी एवं जगह जगह पानी के प्रजनन के लिए ज्यादा अनुकूल है ऐसे में सितंबर की अपेक्षा अक्टूबर में अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। बेली अस्पताल की मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. भावना शर्मा के अनुसार आरक्षित वार्ड में सभी जरूरी दवाएं स्टोर करायी गयी है।

# १२ माह एवं १२ भाषाओंमें दिखेगी भारतकी सांस्कृतिक विविधता

### इविवि के बीएबीएड विद्यार्थियोंने तैयार किया डिजिटल सांस्कृतिक एवं पर्व कैलेंडर

भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को करीब से समझने के लिए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) के बीएबीएड विद्यार्थियों ने डिजिटल सांस्कृतिक एवं पर्व कैलेंडर तैयार किया है। इसमें देश के अलग-अलग हिस्सों में मनाए जाने वाले पर्व, लोक परंपराएं, सांस्कृतिक प्रथाएं और महत्वपूर्ण सांस्कृतिक स्थलों को शामिल किया गया है।

कैलेंडर की खासियत '१२ माह-१२ भाषा' की अवधारणा है। प्रत्येक माह को एक प्रमुख भारतीय भाषा और उससे जुड़े सांस्कृतिक संदर्भ से जोड़ा गया है। अक्टूबर में बंगाली और नवंबर में तमिल भाषा को स्थान दिया गया है। इसके बाद हिंदी, मराठी, तेलुगु, गुजराती, उर्दू, कन्नड़, ओड़िया, मलयालम और पंजाबी समेत अन्य भाषाओं से जुड़े सांस्कृतिक पक्ष शामिल किए गए हैं विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों में मनाए जाने वाले प्रमुख पर्वों के साथ कम चर्चित त्योहारों और परंपराओं पर भी शोध किया है। भाषाई व धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों की सांस्कृतिक परंपराओं को भी कैलेंडर में जगह दी गई है। इससे देश की विविध सांस्कृतिक विरासत का समावेशी स्वरूप सामने आता है। परियोजना को डिजिटल और हस्तनिर्मित दोनों स्वरूपों में तैयार किया जा रहा है। इसके जरिए विद्यार्थियों को शोध, रचनात्मकता, डिजिटल तकनीक, प्रस्तुतीकरण और समूह में काम करने का अनुभव मिल रहा है। परियोजना डॉ. मनीष कुमार गौतम के मार्गदर्शन में संचालित हो रही है। डॉ. मनीष कुमार गौतम ने कहा कि भावी शिक्षकों के लिए देश की अलग-अलग भाषाओं, परंपराओं और सांस्कृतिक संदर्भों को समझना जरूरी है। शिक्षा विभाग की अध्यक्ष प्रो. सरोज यादव ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां 'एकता में विविधता' को केवल किताबों तक सीमित रखने के बजाय व्यवहार में समझने का अवसर देती हैं। विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं एफआरसी निदेशक प्रो. धनंजय यादव ने भी विद्यार्थियों को विभिन्न सांस्कृतिक त्योहार सामूहिक रूप से मनाने के लिए प्रेरित किया।

# दिनदहाड़े महिलाकी चेन छिनैती, चलते ई-रिक्शासे गिरी

कर्नलगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार को सरेराह एक महिला की सोने की जंजीर छीन ली गई। इस दौरान महिला चलते ई-रिक्शा से सड़क पर गिर पड़ीं, जिससे उनके दाएं हाथ में चोट भी आई। कलश चौराहे के पास हुई घटना के बाद राहगीरों के साथ ही आसपास के लोग व महिला का बेटा जब तक बदमाशों का पीछा करते, वह निकल चुके थे। मामले की तहरीर कर्नलगंज पुलिस को दी गई है।

धूमनगंज के सुलेमसराय की रहने वाली मंजूलता की बहू मम्फोर्डगंज स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती है। मंगलवार दोपहर वह अपने पुत्र भानू गौतम के साथ ई-रिक्शा से बहू को देखने अस्पताल जा रही थीं। अभी चालक ई-रिक्शा लेकर कलश चौराहे के पास पहुंचा ही था कि पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर मंजूलता के गले से जंजीर छीन ली। इससे ई-रिक्शा पर बैठीं मंजूलता सड़क पर गिर गईं। चालक ने तत्काल ई-रिक्शा रोक दिया। मंजूलता बदमाशों को पकड़ने के लिए आवाज लगाने लगीं। राहगीरों के साथ ही आसपास के लोग पहुंचे। बेटे भानू संग कुछ लोगों ने बदमाशों का पीछा भी करने की कोशिश की, लेकिन तब तक वह आंखों से ओझल हो चुके थे। घायल मंजूलता को समीप के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। कर्नलगंज पुलिस ने बताया कि बदमाशों की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को देखा जा रहा है।


## डेंगू से कीवीके दामोंमें आया उछाल

मुण्डेरा स्थित नवीन फल एवं सब्जी मंडी में मंगलवार को फलों के और पूर्व के भाव में अन्तर दिखा। मण्डी के वर्तमान फल दरों पर नजर डालें तो स्थानीय केला रु ५०० से रु १,००० प्रति क्विंटल के बीच बिक रहा है। कश्मीरी सेब की कीमत लगभग रु ८० प्रति किलो दर्ज की गई, जबकि अनार रु १०० प्रति किलो के भाव पर बिका। वहीं मौसमी बीमारियों, विशेषकर डेंगू के बढ़ते प्रकोप के कारण मण्डी में कीवी की मांग और कीमतों में भारी उछाल देखा गया है। पूर्व में रु ४०० से रु ४५० प्रति पैकेट (३५ पीस) बिकने वाली कीवी वर्तमान में रु ६०० से रु ७०० प्रति पैकेट तक पहुंच गई है। मौसमी का भाव मंडी में रु २० से रु २५ प्रति किलो के आसपास बना हुआ है।

# एसआरएन में दो नये 'शिशु आहार कक्ष' शुरू

### माताओंको मिला स्तनपान करानेका सुरक्षित स्थान

स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल परिसर में उपचार एवं जांच के लिए आने वाली महिलाओं को अब अपने शिशुओ को सुरक्षित एवं सहज माहौल में स्तनपान कराने के लिए दो नये 'शिशु आहार कक्ष' की शुरूआत मंगलवार को की गयी। इसका शुभारंभ मेडिकल कालेज प्राचार्य डा. एके वर्मा, सीएमएस डा. नीलम सिंह, उप प्राचार्य डा. मोहित जैन, विभागाध्यक्ष प्रो. खुर्शीद एवं अतिरिक्त सीएमएस डा. मेजर जितेन्द्र शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। अपस्पताल में पहला शिशु स्तनपान कक्ष ओपीडी काम्लेक्स के सामने एवं दूसरा पुराने भवन के प्रवेश द्वार (हड्डी आपरेशन थियेटर के समीप) बनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य डा. वर्मा ने



कहा कि अस्पताल में इलाज एवं जांच के लिए आने वाली महिलाओं को अक्सर बच्चों को स्तनपान कराने के लिए सुरक्षित जगह नहीं मिल पाती थी। इन कक्षों के खुलने से अब माताओं को परिसर के भीतर ही पूरी निजता और सुविधा के साथ स्तनपान कराने का स्थान मिल सकेगा।

# द्रौपदीके संघर्ष, त्याग और आत्मसम्मानके प्रसंगोंपर दर्शक भावुक

### एनसीजेडसीसी में त्रिवेणी कला उत्सवके दूसरे दिन नाटक 'द्रोपदी गाथा' का भावपूर्ण मंचन

उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तीन दिवसीय त्रिवेणी कला उत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को सांस्कृतिक केंद्र प्रेक्षागृह में डाक्टर संध्या शर्मा एवं सुनील मक्कड़ के निर्देशन में नाटक का भावपूर्ण मंचन हुआ।

कार्यक्रम का आरम्भ मुख्य अतिथि डाक्टर अश्विनी कुमार सिंह, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज, केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा, महेश जोशी, उपाध्यक्ष, हरियाणा कला परिषद एवं सलाहकार कल्पना सहाय ने दीप जलाकर किया। द्रौपदी के जन्म से लेकर मृत्यु तक की जीवन-यात्रा, उसके रिश्तों, संघर्ष, त्याग और आत्मसम्मान को विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से प्रस्तुत दर्शकों को भावुक कर दिया। नाटक में द्रौपदी को केवल रानी या पत्नी के रूप में नहीं, बल्कि अपने सम्मान, पहचान और अस्तित्व के लिए सवाल उठाने वाली स्त्री के रूप में दिखाया गया। स्वांग शैली में प्रस्तुत नाटक में पारम्परिक हरियाणवी लोकगीतों और सारंगी,



नगाड़ा, ढोलक एवं हारमोनियम जैसे वाद्ययंत्रों का प्रयोग कर नाटक में चार चांद लगा दिये। कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय और भावपूर्ण प्रस्तुति से द्रौपदी के जीवन के विभिन्न प्रसंगों को मंच पर जीवंत किया। मंच पर राम प्रताप राजपूत, सुनील मक्कड़, दिनेश वशिष्ठ, कृष्ण एवं अर्जुन, रविंदर कुमार, राजबीर सिंह, कपिल, नरेश (क्लैरिनेट) और राजेश (कोरस) ने प्रभावशाली अभिनय एवं प्रस्तुति देकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

# रेलवे ट्रैकसे कचरा, प्लास्टिक अपशिष्ट और स्क्रैपको हटाया

### प्रयागराज जंक्शनपर ट्रैक किनारे स्वच्छता एवं पुराने डम्प स्पाट हटानेके लिए चला विशेष अभियान

स्वच्छता पखवाड़ा-२०२६ के अंतर्गत उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मण्डल द्वारा रेलवे परिसरों में स्वच्छता बनाये रखने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को प्रयागराज जंक्शन पर रेलवे ट्रैक के किनारे जमा कचरे और पुराने कचरा डम्पिंग स्पाट की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्वच्छता कर्मियों द्वारा इंजीनियरिंग विभाग के साथ समन्वय कर ट्रैक के पास काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। स्टेशन यार्ड की सीमा और रेलवे ट्रैक के किनारे जमा कचरा, प्लास्टिक अपशिष्ट और स्क्रैप को हटाया गया। इन स्थानों पर लम्बे समय से जमा कचरे को प्राथमिकता के आधार पर साफ किया गया। सफाई अभियान के दौरान ट्रैक की दृश्यता और सिग्नल देखने में बाधा डालने वाली झाड़ियों तथा अनावश्यक रूप से उगी वनस्पतियों को भी हटाया गया। इससे ट्रैक के आसपास का क्षेत्र साफ और सुरक्षित हुआ। साथ ही, कचरा और झाड़ियों के कारण कीट, चूहे और सांप आदि के पनपने की सम्भावना को भी कम किया गया। इसके अलावा लेवल क्रासिंग, गेट लाज, केबिन और ट्रैक के किनारे स्थित रेलकर्मियों के आवासों के आसपास जमा कचरे को भी हटाया गया। अभियान के दौरान निकले कचरे को मौके पर ही अलग-अलग किया गया, ताकि इसे उचित स्थान पर भेजकर वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित किया जा सके।

# रुपयेके विवादमें कारीगरने युवकको पीटा

करेली थाना क्षेत्र के शम्स नगर में रेड फिटिंग के रुपये को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि कारीगर ने युवक से गाली-गलौज करते हुए उसके चेहरे पर चार-पांच घूंसे मारे और पास रखी रॉड से हमला करने का प्रयास किया। बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी को भी धक्का दे दिया, जिससे उसे चोट आई। करेली पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। शम्स नगर निवासी मो. इरफान अहमद फारूकी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह एक कंपनी में लॉ ऑफिसर हैं। पांच अक्टूबर को उन्होंने रेड फिटिंग के लिए मुतमद अहमद नाम के कारीगर से संपर्क किया था। कारीगर सामान लेकर घर पहुंचा और १२ रेड की फिटिंग के लिए १२०० रुपये मांगे। बाद में दूसरे कारीगर ने यही काम ५०० रुपये में करने की बात कही। इरफान ने मुतमद से सामान वापस ले जाने और उसका किराया देने की बात कही। आरोप है कि इससे नाराज होकर कारीगर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने इरफान के चेहरे पर कई घूंसे मारे और रॉड से हमला करने की कोशिश की। पत्नी ने बीच-बचाव किया तो उसे भी धक्का दे दिया। आरोपित मां-बहन को गाली देने के साथ जानसे मारने की धमकी देते हुए चला गया।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३४३)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाषः २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।

## पूर्व पार्षदके निधनपर कांग्रेसियोंने जताया शोक

सब्जी मण्डी वार्ड से तीन बार पार्षद रहे जफर खान का आज सुबह दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान इंतकाल हो गया। निधन की दुखद सूचना मिलते ही उनके निवास स्थान पर शोक जताने वालों का तांता लग गया। इस दुखद घड़ी में संवेदना व्यक्त करने वालों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तसलीमुद्दीन, इरशाद उल्ला, इम्तियाज अहमद, गुड्डू, अब्दुल कलाम आजाद और कलाम उद्दीन जावेद सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सभा ने शोक संतप्त परिवार को ढांड़स बंधाया।

# चुनाव आयोगपर प्रदर्शन करने जा रहे सपा प्रमुखको हिरासतमें लेना लोकतंत्रकी हत्या-सपा

### सपाइयों ने बैठककर जताया आक्रोश, कल करेंगे पैदल मार्च

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को चुनाव आयोग के समक्ष प्रदर्शन के लिए जाते समय दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने की समाजवादी पार्टी प्रयागराज की जिला एवं महानगर इकाई सहित पार्टी के नेताओं ने कड़ी निंदा की। मंगलवार को पार्टी कार्यालय में बैठक कर पार्टी नेताओं ने कहा कि शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने जा रहे विपक्ष के नेता को हिरासत में लेना लोकतांत्रिक अधिकारों का खुला हनन है।

जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करना प्रत्येक राजनीतिक दल और नागरिक का अधिकार है। यदि विपक्ष चुनाव प्रक्रिया, मतदाता सूची अथवा चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली से जुड़े सवाल उठाता है तो सरकार और संवैधानिक संस्थाओं को उसका जवाब देना चाहिए, न कि आवाज दबाने के लिए पुलिस का इस्तेमाल करना चाहिए। महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन ने कहा कि अखिलेश यादव लगातार मतदाता अधिकारों, पारदर्शी चुनाव व्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता के सवाल उठा रहे हैं। ऐसे समय में उन्हें हिरासत में लेना सत्ता की निरंकुश मानसिकता को दर्शाता है। लोकतंत्र में असहमति को दबाया नहीं जा सकता। विपक्ष की आवाज को रोकना जनता के सवालों को रोकना है। विधायक श्रीमती विजमा यादव, संदीप पटेल, गीता शास्त्री ने संयुक्त रूप से कहा कि यह कारर‌वाई केवल अखिलेश यादव अथवा इण्डिया गठबंधन के नेताओं के खिलाफ नहीं, बल्कि उन करोड़ों मतदाताओं के लोकतांत्रिक अधिकारों पर प्रहार है, जो निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव चाहते हैं। समाजवादी पार्टी इस तरह की कारर‌वाई का लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से विरोध करती रहेगी। प्रवक्ता दान बहादुर सिंह मधुर ने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा। आठ अक्तूबर को जिला कार्यालय जार्ज टाउन से दोपहर १२ बजे नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं का पैदल मार्च निकलेगा जो बालसन स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा तक जायेगा। वहां संविधान के अनुच्छेद ३२६का पाठ होगा इसके बाद राष्ट्र गान होगा। पार्टी कार्यकर्ताओं से शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया गया। बैठक में रविन्द्र यादव एडवोकेट, जगदीश यादव, शकील अहमद, बृज लाल यादव, श्याम सूरत, अमर सिंह, बच्चा यादव, भागीरथी बिन्द, सोम दत्त पटेल, ननकेश बाबू यादव, मो अजहर, शकील अहमद, ओ पी यादव, कृपा शंकर बिन्द, राम अवध पाल, आरएन यादव, सचिन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## बढ़ी मौसमी बीमारियां, अस्पतालोंमें मरीजोंकी भीड़

अक्टूबर का प्रथम सप्ताह समाप्त होने को है लेकिन इसके बावजूद नगरवासियों को तेज धूप और उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। प्रकृति के इस दोहरे मिजाज का सीधा असर अब लोगों की सेहत पर साफ दिखाई देने लगा है। दिन में तेज धूप एवं उमस लोगों को बेहाल कर रही हैं वही दर रात और सुबह हल्की ठंडक का यहसास हो रहा है। तापमान में इस उचार-चढ़ाव चलते इसका असर लोगों की सेहत पर दिखायी देने लगा है। सरकारी एवं निजी अस्पतालों में इन दिनों सर्दी-खांसी, वायरल बुखार, थकान, पेट संबंधी समस्याएं एवं गले में खराश की शिकायत लेकर बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं।सोमवार को काल्विन, बेली, चिल्ड्रेन एवं एसआरएन अस्पताल के पर्चा काउंटर से लेकर ओपीडी तक मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिली। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल की ओपीडी में ३८७२ मरीज पहुंचे। सुबह से ही अस्पताल के पर्चा काउंटर, नई बिल्डिंग, पीएमएसएसवाई बिल्डिंग एवं केन्द्रीय पैथोलाजी, दवा काउंटर सहित अन्य जगहों पर भारी भीड़ देखने को मिली। ओपीडी पर्चा काउंटर के सुशील के अनुसार मेडिसिन विभाग, ईएनटी, गैस्ट्रोलीजी, टीबी एवं त्वचारोग के सबसे अधिक पर्चे बनाये गये। बेली की ओपीडी में २२१४ एवं काल्विन ११९७ मरीज इलाज के लिए पहुंचे। चिल्ड्रेन अस्पताल के ओपीडी में दोपहर दो बजे तक भीड़ बनी रही। डाक्टरों से मरीजों को ओपीडी में परामर्श के बाद दवाएं लिखी। बेली अस्पताल के फिजीशियन डा.मंसूर अहमद अनुसार उतार-चढ़ाव एवं उमस भरे इस मौसम में थोड़ी सी लापरवाही लोगों को बीमार